तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
15/3/17	पत्रावली पेश हुई। वकील फरीकेन उपस्थित। वकील वादीगण ने जवाब काउन्टर क्लेम पेश किया, जो शामिल पत्रावली किया गया। नकल वकील प्रतिवादीगण को दी जावे। पत्रावली वास्ते बायमी तनकीयात दिनांक 5/4/17 को पेश हो।
5/4/17	पत्रावली पेश हुई। वकील फरीकेन उपस्थित। तनकीयात समाप्त की जाकर शामिल पत्रावली की गई। पत्रावली वास्ते साक्ष्यवादी गण दिनांक 3/5/17 को पेश हो।
3/5/17	पत्रावली पेश। वकील फरीकेन उपस्थित। वकील वादी द्वारा साक्ष्य के समय चाहा। समय दिया जाकर पत्रावली वास्ते साक्ष्यवादी दिनांक 24/5/17 को पेश हो।
24/5/17	पत्रावली राजस्व लोक अदालत कैम्प अटल सेवा केन्द्र नींदर पर हुई। वादीगण व प्रतिवादी न. 2, 6 ता 8, 10, 13, 14 मय वकील उपस्थित। उपस्थित वादीगण व प्रतिवादीगण ने राजीनामा पेश किया, जो बाद तस्दीक शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक राजीनामा दावा वादीगण डिक्री किया जाता है। प्रतिवादीगण को स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वह विवादित आराजी ख. न. 642, 643, 644, 645, 651 कुल किता 5 कुल रकबा 15 बीघा 14 बिस्वा ग्राम - नींदर तहसील मण्डायल में वादीगण के कब्जे काश्त में बाधा नहीं डालेगें एवं रास्ता जबरन नहीं निकालेगें। काउन्टर क्लेम प्रतिवादीगण बेड़ो कर खारिज किया जाता है। राजीनामा निर्णय व डिक्री का जुज रहेगा। तदानुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नस्ख सेकण्ड होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय लिखाया जाकर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
मण्डरायल (करौली)

(बैन्च सदस्य) (बैन्च सदस्य)